आधुनिक भारत का इतिहास

राष्ट्रवाद

(खंड-3)

-मणिकांत सिंह

1. निम्नलिखित में किन कारकों ने भारत में ब्रिटिश पूंजी को आकर्षित किया?

1. भारत में कच्चे माल की बहुतायत थी।
2. भारत में श्रम सस्ता था।
3. ब्रिटिश भारत को अन्य एशियाई उपनिवेशों की तुलना में अधिक शक्तिशाली बनाना चाहते थे।
4. भारत में देशी पूंजी अनुपस्थित थी।

(a) 2, 4 (b) 2, 3, 4

(c) 1, 2 (d) 1, 2, 3, 4

2. प्रथम विश्व युद्ध के पश्चात् भारत में औद्योगिक विकास के क्या कारण थे?

1. भारत पर से ब्रिटिश पूंजी का दबाव कम हुआ।
2. भारतीय उद्योगों को संरक्षण मिला।
3. औपनिवेशिक सरकार ने कुछ पूँजीगत उद्योगों की नींव रखी।

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 2, 3 (d) 1, 2, 3

3. आधुनिक राष्ट्र-राज्य के निम्नलिखित में कौन पहलू है/हैं-

1. क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों के बीच जुड़े होने का अहसास

2. निश्चित भू-भाग

3. सरकार

(a) केवल 1 (b) 1, 2

(c) 1, 2, 3 (d) 1, 3

4. 1854 की वुड्स-विज्ञप्ति में अभिव्यक्त शिक्षा का लक्ष्य था-

(a) देशी भारतीयों के लिए रोजगार के अवसर उत्पन्न करना।

(b) भारत में पाश्चात्य संस्कृति का प्रचार।

(c) अंग्रेजी भाषा के माध्यम का प्रयोग कर लोगों में साक्षरता को बढ़ावा देना।

(d) परंपरागत भारतीय शिक्षा में वैज्ञानिक अनुसंधान तथा तर्क बुद्धिवाद का प्रवेश करवाना।

5. कथन (A):- भारतीय पूँजीपति वर्ग भारतीय राष्ट्रवादियों की ओर झुकने के लिए मजबूर हुआ।

कारण (R):- औपनिवेशिक सरकार भारतीय पूँजीवाद के प्रति भेदभावपूर्ण नीति अपना रही थी।

(a) A और R दोनों सत्य हैं और R, A का सही स्पष्टीकरण है।

(b) A और R दोनों सत्य हैं परंतु R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(c) A सत्य है लेकिन R असत्य है।

(d) A असत्य है लेकिन R सत्य है।